(2)

प्रेषक,

अर्पित गोयल
अपर सिविल जज (जू०डि०),
कोर्ट सं०-46
जनपद न्यायालय, लखनऊ।

सेवा में,

माननीय जनपद न्यायधीश
लखनऊ।

विषय:- कोर्ट में पेशकार के कार्यभार ग्रहण करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

ससम्मान अवगत कराना है कि अपर सिविल जज (जू०डि०), कोर्ट सं०-46 में श्री सलीम (लिपिक) की नियुक्ति अधिष्ठान आदेश सं०-413/2020 दिनांक 28-10-2020 के अंतर्गत हुई है।

आज दिनांक 09-11-2020 तक उन्होंने उक्त न्यायालय में कार्यभार ग्रहण नहीं किया है। जब उनके कार्यभार न ग्रहण करने के सम्बन्ध में उनसे टेलीफोन द्वारा पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उक्त न्यायालय में कार्यभार ग्रहण करने के लिए उन्हें माननीय जनपद न्यायधीश द्वारा दस दिन का अतिरिक्त समय दिया गया है।

उक्त न्यायालय में नवनियुक्त तान्या मौर्या कनिष्ठ सहायक पद पर कार्यरत हैं। जिन्हें पूर्व में न्यायालय के कार्य का कोई अनुभव नहीं है।

अत माननीय महोदय से विनम्र निवेदन है कि कोर्ट के सुचारु रूप से संचालन के लिए इस सम्बन्ध में उचित आदेश पारित करने की कृपा करें।

सादर प्रेषित।

दिनांक: 09-11-2020

भवदीय
09.11.2020
अर्पित गोयल
अपर सिविल जज (जू०डि)
कोर्ट सं०-46, लखनऊ

संलग्नक:
1-अधिष्ठान आदेश की छायाप्रति

9/11/20